## खबर संक्षेप



यमुनानगर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### बदलते मौसम में खानपान पर रखें ध्यान : डॉ.निर्मल

**यमुनानगर।** कैंप रोड स्थित निर्मल अस्पताल में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के संचालक डॉ.निर्मल सिंह ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बदलते मौसम में एहतिहात बरतने की सलाह दी। मौके पर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी मुहैया करवाई गई। अस्थमा रोग विशेषज्ञ एवं निर्मल अस्पताल के संचालक डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचने के लिए लोगों को खासकर बुजुर्ग व बच्चों के खानपान पर ध्यान रखना बेहद जरुरी है। क्योंकि बदलते मौसम में अक्सर बच्चे जहां खांसी, जुखाम, निमोनिया व बुखार आदि बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं।

### प्रशासन से लगाई बेसहारा गोवंशजों को पकड़वाने की मांग

# बेसहारा गोवंशों से फसलों को बचाने के लिए खेतों की तारबंदी करने को मजबूर हुए किसान

**हजारों रुपये खर्च कर किसान खेतों की कर रहे हैं तारबंदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले का शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र बेसहारा गोवंशजों के कारण परेशान है। शहरी इलाकों में जहां बेसहारा घूम रहे पशु हादसों का कारण बन रहे हैं, वहीं, ग्रामीण इलाकों में बेसहारा गोवंशज किसानों की फसलों को उजाड़ रहे हैं। जिससे किसान मजबूरी में हजारों रुपये खर्च करके खेतों की तारबंदी करके अपनी फसलों को बचाने के लिए बेबश हो रहे हैं। किसानों ने सरकार व जिला प्रशासन से ग्रामीण इलाकों में घूम रहे बेसहारा गोवंशजों को पकड़वाकर उन्हें गौशाला आदि में भेजे जाने की मांग की है।

#### खेतों में फसलों को हो रहा नुक्सान

किसान महेंद्र सिंह, राज सिंह, अमनदीप सिंह, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह व मनोज आदि ने





**यमुनानगर।** जठलाना क्षेत्र में बेसहारा गोवंशजों से परेशान किसानों द्वारा खेत में की गई तारबंदी व बेसहारा घूम रहे गोवंशज। फोटो :हरिभूमि

बताया कि जिले का कोई गांव ऐसा नहीं है जिसमें दर्जनों बेसहारा गोवंशज घूमते हुए दिखाई ना देते हों। दिन के समय तो किसान अपने खेतों में घुसने वाले बेसहारा गोवंशजो को भगा देते हैं। मगर रात्रि के समय बेसहारा घूम रहे गोवंशज खेतों में घुसकर उनकी गेहूं, चारा व अन्य फसलों को भारी नुक्सान पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि गेहूं आदि की फसलों की पैदावार करने पर पहले ही इतना खर्च बढ़ चुका है कि किसान परेशान हैं। मगर अब एक समस्या और खड़ी हो गई है कि गांवों में दर्जनों-दर्जनों बेसहारा गोवंशज घूम रहे हैं और किसानों के खेतों में घुसकर फसलों को उजाड़ रहे हैं। जिससे दिनभर किसान मेहनत कर थक कर रात को सोने का प्रयास करता है। लेकिन फसल की चिंता उन्हें सोने नहीं देती। ठंड के मौसम में भी खेत से बेसहारा गोवंशजो को भगाने के लिए उन्हें बार-बार खेतों में जाना पड़ता है।

#### तारबंदी पर हो रहा हजारों रुपये का खर्च

किसानों का कहना है कि अधिकांश किसानों ने फसलों को बचाने के लिए खेतों के चारों तरफ तारबंदी करनी शुरु कर दी है। जिस पर प्रति एकड़ हजारों रूपये खर्च आ रहा है। जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। किसानों ने प्रशासन से प गांवों में घूम रहे बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाए जाने की मांग की।

# नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव-2025 के पोलिंग स्टाफ की ट्रेनिंग का आयोजन वीरवार से मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग 22 फरवरी तक चलेगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जगाधरी सोनू राम तथा रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार की उपस्थिति में प्रोजाइडिंग ऑफिसर, अल्टरनेट प्रोजाइडिंग ऑफिसर व पोलिंग आफिसर को ईवीएम की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे व दोपहर एक बजे से सायं 4 बजे तक ईवीएम की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रतिदिन 400-400 के दो बैचों में अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव करवाने बारे प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि जिस भी अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगी है, वे अपने शेड्यूल के अनुसार समय पर ईवीएम की ट्रेनिंग के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव में लगाए गए सैक्टर ऑफिसर को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि उपरोक्त ट्रेनिंग में प्रत्येक शिफ्ट में भाग लेने वाले 400 अधिकारी व कर्मचारियों की हाजिरी के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीआईओ को उपरोक्त ट्रेनिंग का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।



## स्टार्टअप के वास्तविक उदाहरण देकर किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ विभाग के तत्वावधान में विद्यार्थियों में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने आज की अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर जोर दिया तथा विद्यार्थियों को नवीन व्यावसायिक विचारों को तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.प्रतिमा शर्मा ने अनुभवी स्टार्टअप मेंटर सुश्री स्वरलीन कौर, सुमित एवं श्रीमती दलजीत कौर का स्वागत किया। सुश्री स्वरलीन कौर ने दर्शकों को जोमैटो, जेप्टो तथा कई अन्य सफल स्टार्टअप के वास्तविक जीवन के उदाहरणों तथा केस स्टडीज से जोड़ा। उन्होंने उद्यम शुरू करने के मुख्य पहलुओं पर विस्तार से बताया जिसमें विचार सृजन, विचारों के स्रोत, बाजार अनुसंधान, व्यवसाय नियोजन, वित्तपोषण के अवसर तथा स्टार्टअप के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# महाशिवरात्रि पर पातालेश्वर शिवलिंग पर हजारों श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

- जलाभिषेक के लिए मंदिर कमेटी ने पूरी की तैयारियां
- ज्योतिर्लिंग सिद्ध पीठ पातालेश्वर महादेव मंदिर में 26 फरवरी को होगा जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री ज्योतिर्लिंग सिद्धपीठ पातालेश्वर महादेव मंदिर बुड़िया में महाशिवरात्रि पर्व पर 26 मार्च को जलाभिषेक व धार्मिक समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचकर श्री ज्योतिर्लिंग सिद्धपीठ मंदिर में स्थित



**यमुनानगर।** बुड़िया स्थित पातालेश्वर मंदिर में विराजते हुए भगवान शिव।

स्वयंभू पातालेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करेंगे। उक्त जानकारी मंदिर कमेटी के प्रधान डॉ. जनार्दन शर्मा ने दी। मंदिर कमेटी के प्रधान डॉ. जनार्दन शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर आयोजित धार्मिक समागम में पहले दिन 26 फरवरी को कलश पूजन व जलधारा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर संकीर्तन मंडली द्वारा अपने भजनों के माध्यम से भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करेंगे। बाद में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं को हर सुविधा प्रदान हो इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। डॉ. जनार्दन शर्मा ने बताया कि स्वयंभू पातालेश्वर शिवलिंग व प्राचीन बावड़ी के दर्शन बहुत ही दुर्लभ होते हैं। ऐसे में हमारे जिले का सौभाग्य है कि पातालेश्वर मंदिर में स्वयंभू पताल शिवलिंग है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से शिवलिंग पर जल चढ़ाता है उसकी मनोकामना तुरंत प्रभाव से पूरी होती हैं।

# सड़क नहीं बनाए जाने से ग्रामीणों में रोष

- प्रशासन से लगाई सड़क को तुरंत बनवाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका की ओर से ओड कॉलोनी से पक्का घाट रादौर तक की सड़क को सीवरेज लाइन बिछाने के बाद से बनाया नहीं गया है। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों गौरव, अर्जुन, सुरेंद्र, सुंदर, रमेश, सुरेश, काला, रामकुमार, मनोज व दिनेश आदि ने बताया कि लगभग तीन महीने पहले सड़क को सीवरेज लाइन बिछाने के लिए उखाड़ा गया था। जिसके बाद नगरपालिका की ओर से सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाया गया था। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य अचानक रोक दिया गया। स्थानीय लोगों ने सड़क बनाए जाने को लेकर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के समक्ष गुहार लगाई थी। जिस पर कृषि मंत्री ने



**राजौंद।** यमुनानगर के रादौर में नगरपालिका द्वारा उखाड़ा गया सड़क मार्ग।

सड़क बनाए जाने के कार्य का शुभारंभ किया था। कृषि मंत्री ने दावा किया था कि सड़क कार्य पूरा होने तक निर्माण कार्य नहीं रोका जायेगा। जिसके बाद केवल एक सप्ताह तक ही सड़क निर्माण कार्य चला था। उसके बाद सड़क निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। जिस पर स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने पर रोष प्रकट किया। स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। सड़क की मिट्टी उड़ने से राहगीरों व स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगरपालिका व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से गुहार लगाई कि सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

# एक वीर बहादुर, कुशल राजनीतिज्ञ थे छत्रपति शिवाजी : सेवाराम

### सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर किया प्रशाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

श्री राम नवमी आयोजन समिति की ओर से बुधवार को हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिवाजी मार्ग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसके बाद हलवे का प्रशाद वितरित किया गया।

श्रीराम नवमी आयोजन समिति के सदस्य अमित कांबोज व मंगतराम बटला की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय चिंतक सेवाराम व समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर, वन्देमातरम गाकर व पुष्प अर्पित करके किया गया। राष्ट्रीय चिंतक सेवाराम ने



यमुनानगर के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी एक वीर बहादुर, कुशल राजनीतीज्ञ, कुशल संगठनकर्ता व उच्च कोटि के शासक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में सैंकड़ों युद्ध लड़े और एक भी युद्ध में उन्हें हार का सामना नहीं करना पड़ा। विश्व को गोरिल्ला युद्ध नीति छत्रपति शिवाजी की ही देन है। सभी को छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। मौके पर गगन शिव प्रसाद, भगवत दयाल कटारिया, वीरेंद्र सैनी, चिंकू सैनी, वेद प्रकाश कांबोज, विनय जिंदल, डॉ.सतीश कांबोज, गुरदयाल सैनी, सुरजीत शर्मा, रमेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# नगर निगम क्षेत्र में छह वर्ष में बढ़े 53 हजार वोट

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

नगर निगम चुनाव को लेकर बिसात पूरी तरह से बिछ चुकी है। बीजेपी और कांग्रेस समेत दो आजाद उम्मीदवारों ने मेयर पद के लिए नामांकन किया है। इसके साथ ही निगम के 22 वार्डों में 106 पार्षद प्रत्याशियों ने भी नामांकन कर दिया है। मेयर प्रत्याशी समेत पार्षद प्रत्याशी भी अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए वोटरों को रूझाने में लगे हैं। इस बार निगम क्षेत्र में 53 हजार वोट बढ़े हैं। जो कि मेयर व पार्षद प्रत्याशियों की हार जीत का फैसला करने में अहम साबित होंगे। 2018 की बात करें तो नगर निगम क्षेत्र में 302026 वोटर थे। जबकि इस बार नगर निगम में 355336 मतदाता हैं। यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम में 22 वार्ड हैं। वार्ड नंबर 21 में सबसे ज्यादा 6834 मतदाता बढ़े हैं वहीं सबसे कम वार्ड नंबर 15 में 533 लोगों ने नई वोट बनवाई है। वार्डों में बढ़ी वोटरों की संख्या से इसका असर चुनाव परिणाम में भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही इस बार चुनाव के लिए बूथों की संख्या 303 से बढ़कर 348 हो गई है।

- वार्ड 21 में सबसे ज्यादा 6834 तो वार्ड 15 में सबसे कम 533 वोट बढ़े
- वर्ष 2018 में हुए निकाय चुनाव में 302026 वोटरों ने किया था मत का प्रयोग, इस बार वोटर बढ़कर हुए 355336

#### कौन-सा वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित

वर्ग - वार्ड
एससी - 1, 12
एससी महिला - 11, 21
सामान्य - 2, 5, 6, 7, 8, 13, 16, 18, 19, 20
सामान्य महिला - 9, 14, 15, 22
बीसीए - 3, 17
बीसीए महिला - 4
बीसीबी - 10


| वार्ड | मतदाता 2018 | 2025 |
|---|---|---|
| 1 | 13420 | 17353 |
| 2 | 18380 | 17901 |
| 3 | 12800 | 15342 |
| 4 | 15985 | 16900 |
| 5 | 11846 | 16092 |
| 6 | 13629 | 13033 |
| 7 | 8261 | 12215 |
| 8 | 17656 | 19093 |
| 9 | 15266 | 19874 |
| 10 | 11635 | 15803 |
| 11 | 10332 | 11909 |
| 12 | 12214 | 15297 |
| 13 | 10491 | 13892 |
| 14 | 13063 | 17837 |
| 15 | 19227 | 19760 |
| 16 | 17765 | 17792 |
| 17 | 14461 | 14926 |
| 18 | 12380 | 14857 |
| 19 | 16763 | 14926 |
| 20 | 11992 | 14431 |
| 21 | 12988 | 19822 |

**परेशानी** आवर्धन नहर के नवीनीकरण का कार्य जारी रहने से मार्ग पर बढ़ी वाहनों की आवाजाही

# खजूरी-शादीपुर मार्ग पर जाम लगने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

हमीदा हैड से लेकर करनाल तक आवर्धन नहर पर नवीनीकरण का कार्य जारी रहने से खजूरी-जठलाना मार्ग पर शादीपुर के नजदीक वाहनों की आवजाही बढ़ने से आए दिन जाम लगने से लोग परेशान हैं। कारण है कि आवर्धन नहर के नवीनीकरण के कार्य से यमुनानगर शहर में जाने वाले कई रास्ते बंद हो गए हैं। जिनकी वजह से अब खजूरी-वाया शादीपुर-जठलाना मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। जिसके कारण मार्ग पर जाम लगने से लोग परेशान हैं। क्षेत्र के रामपाल सिंह, सुखबीर सिंह, रविश, महेंद्र कुमार, बंटी, शिवदयाल, मनोज कुमार व सतबीर सिंह आदि ने बताया कि शहर के पुराना सहारनपुर मार्ग से शादीपुर वाया खजूरी से करनाल के लिए मार्ग जाता है। जिस पर शादीपुर से लेकर



शादीपुर के नजदीक मार्ग पर जाम में फंसे हुए वाहन

खजूरी तक जहां दर्जनों प्लाइवुड फैक्ट्रियां हैं, वहीं, सैंकड़ो दुकानें हैं। इस मार्ग पर आए दिन उत्तर प्रदेश की ओर से और करनाल की ओर से हजारों वाहनों का आवागमन होता रहता है। वहीं, आजकल शुगर मिल में गन्ना पेराई का कार्य चल रहा है। जिसमें रोजाना सैंकड़ो गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां चलती हैं। वहीं, इस मार्ग पर रोजाना लक्कड़ से भरी सैंकड़ो ट्रालियां प्लाइवुड फैक्ट्रियों में जाती हैं। जिससे सुबह से लेकर दोपहर तक मार्ग पर शादीपुर के पास जाम की स्थिति बनी रहती है। आलम यह है कि सुबह के समय मार्ग पर जाम लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चालक एक दूसरे से पहले आगे निकलने की होड़ में अपने वाहनों को आड़े तिरछे करके निकालने के चक्कर में जाम का कारण बन जाते हैं। जिससे आमजन घंटो जाम में फंस जाता है।

#### आवर्धन नहर के नवीनीकरण को लेकर भी मार्ग पर बढ़े वाहन

पिछले कई महीने से शहर के हमीदा हैड से लेकर करनाल तक आवर्धन नहर के नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। इस दौरान नहर की पटरियों से चलने वाले रास्ते बंद होने की वजह से अधिकांश वाहन शादीपुर-खजूरी मार्ग से होकर निकल रहे हैं। जिसकी वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने मार्ग पर जाम को सुचारू करवाए जाने के लिए इंतजाम करवाए जाने की मांग की है।

